## पंखेरूवां नी पीड़ पर घोषित हुआ पुरस्कार

# पाटीदार को बाल साहित्य का साहित्य अकादमी पुरस्कार

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

डूंगरपुर. वागड़ के वरिष्ठ साहित्यकार भोगीलाल पाटीदार को उनकी बाल नाट्य कृति पंखेरूवां नी पीड़ पर इस वर्ष का राजस्थानी भाषा के बाल साहित्य पुरस्कार की घोषणा साहित्य अकादमी दिल्ली में हुई है। चूण्ड़ावाड़ा सीमलवाड़ा निवासी भोगीलाल पाटीदार ने वागड़ी और हिंदी की आठ पुस्तकों का लेखन किया है। पाटीदार की नाट्य कृति में समकालीन समय में पर्यावरण प्रदूषण के दुष्प्रभाव और वन्यजीव के लिए उत्पन्न हुई विषम परिस्थितियों को बहुत मार्मिक ढंग से व्यक्त किया है। पाटीदार को इससे पूर्व राजस्थानी भाषा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी बीकानेर से शिवचंद भरतीया और आगीवाण सम्मान भी मिल चुके हैं।



पत्रिका
www.patrika.com